Wonder Books

# शब्द ज्ञान

खेल-खेल में शब्दों का सफर।



# इस श्रृंखला को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (NCF) 2023 के साथ मूलभूत चरणों के लिए संरेखित करना

हमारी यह नई श्रृंखला राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (NCF) 2023 के दिशा-निर्देशों पर आधारित है। इसमें बच्चों के खेल आधारित, गतिविधि आधारित और अनुभव आधारित शिक्षण को केन्द्र में रखते हुए सामग्री तैयार की गई है।

## 'पंचादि' शिक्षण प्रक्रिया– प्रारम्भिक वर्षों के लिए

**पंचादि (पाँच-चरणीय शिक्षण प्रक्रिया) को ध्यान में रखते हुए हमने प्रत्येक पाठ और गतिविधि को इस क्रम में प्रस्तुत किया है:**

- **अदिति (परिचय)** – बच्चों की रुचि जगाने और विषय से परिचित कराने हेतु कहानियाँ, गीत और चित्र।
- **बोध (समझ)** – सरल भाषा और गतिविधियों के माध्यम से बुनियादी अवधारणाएँ समझाना।
- **अभ्यास (प्रयास)** – रंग भरो, मिलान करो, पहचानो जैसी दोहराने पर आधारित गतिविधियाँ।
- **प्रयोग (अनुभव)** – बच्चों को अपने परिवेश में सीखी बातों को पहचानने व अपनाने की प्रेरणा देना।
- **विस्तार (बातचीत)** – समूह चर्चा, कहानी सुनाना या चित्र दिखाकर बच्चों की अभिव्यक्ति क्षमता बढ़ाना।




## पंचकोषीय विकास पर आधारित

**(NCF) 2023 के अनुरूप बच्चों के पाँचों प्रमुख विकास क्षेत्रों पर यह श्रृंखला विशेष ध्यान देती है:**

- **शारीरिक विकास** – शारीरिक कौशल विकसित करने हेतु रंगना, कतरना, चिपकाना और खेल गतिविधियाँ।
- **मानसिक विकास** – भावनात्मक समझ, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना को विकसित करना।
- **बौद्धिक विकास** – सोचने, पहचानने और प्रश्न पूछने की क्षमता को बढ़ावा देना।
- **नैतिक विकास** – 'सच बोलो', 'मिल-जुल कर रहो' जैसे नैतिक संदेशों वाली कहानियाँ और चित्र।
- **आध्यात्मिक विकास** – प्रकृति प्रेम, करुणा और आत्म-चिंतन जैसी मूल मान्यताओं का समावेश।

**हमारा उद्देश्य है कि बच्चे न केवल हिंदी भाषा में दक्ष हों, बल्कि नैतिक, बौद्धिक और भावनात्मक रूप से भी सशक्त बनें। हमें विश्वास है कि यह श्रृंखला बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने में सहायक सिद्ध होगी।**

# गतिविधि दर्शिका

## चिंतन कौशल (Critical Thinking)




शिक्षकों के लिए आसान और स्पष्ट मार्गदर्शन जिससे बच्चों को सिखाने में मदद मिले।

## बौद्धिक विकास (Cognitive Development)





रंगीन और आकर्षक पेज जिनसे बच्चे स्वर और व्यंजन का अभ्यास कर सकें।

## नैतिक विकास (Ethical Development)





चित्र देखकर या सुनकर कहानी की समझ विकसित करना।

## खेल आधारित ज्ञान (Play-based Learning)




छोटे और सरल कविताओं के माध्यम से भाषा का आनंद लेना।

## चिंतन कौशल (Critical Thinking)




सरल और मजेदार पहेलियों से सोचने की क्षमता बढ़ाना।


# विषय-सूची


| | |
|---|---|
| स्वरों की पहचान | 5-7 |
| अभ्यास | 8 |
| व्यंजनों की पहचान | 9-14 |
| संयुक्त व्यंजन | 15 |
| अभ्यास | 16-17 |
| दो वर्णों वाले शब्द | 18-21 |
| अभ्यास | 22-23 |
| तीन वर्णों वाले शब्द | 24-27 |
| अभ्यास | 28-29 |
| चार वर्णों वाले शब्द | 30-33 |
| अभ्यास | 34-35 |
| बूझो तो जानें | 36 |
| धोबी आया, धोबी आया। | 37 |
| जंगल में बारात | 38-39 |
| बंदर और मगरमच्छ | 40 |

# स्वरों की पहचान

**नीचे दिए गए वर्णों को चित्रों के साथ पढ़िए–**

# अ


अनार


अदरक




अखबार

# आ



आम


आग


आलू

# इ



इमली


इडली


इलाइची

# ई


ईख


ईंट


ईद



# उ


उल्लू


उपहार


उपवन

# ऊ


ऊदबिलाव


ऊन


ऊँट


# ऋ


ऋषि


ऋषभ


ऋतु


# ए


एड़ी


एक


एकतारा

# ऐ


ऐरावत


ऐनक


ऐलान



# ओ


ओढ़नी


ओखली


ओस

# औ



औषधि



औरत


औज़ार

# अं


अंडा


अंगूठी


अंगूर

# अः


प्रातः


नमः

# अभ्यास

**वर्णों के नीचे दिए गए बॉक्स में गिनती लिखकर वर्णों को सही क्रम में लगाइए–**

आ उ ओ ए

अ इ ऊ औ

ऋ ऐ ई अं

अः

**शिक्षण निर्देश**

वर्णों को सही क्रम देने में बच्चों की सहायता कीजिए।

चिंतन कौशल

# व्यंजनों की पहचान

नीचे दिए गए वर्णों को चित्रों के साथ पढ़िए–


क



कबूतर



कमल



कछुआ

ख



खरगोश



खरबूजा




खत

ग



गमला



गाय



गधा

घ



घड़ी



घर




घड़ा

ङ

# च



चम्मच



चरखा




चाबी

# छ



छतरी



छलनी



छड़ी

# ज



जहाज



जलेबी



जग


# झ



झंडा



झरना




झाड़ू

# ञ

ट



टमाटर


टमटम


टोकरी

ठ


ठठेरा


ठेला


ठग

ड



डमरू



डंडा


डाकिया

ढ


ढोकला


ढोलक


ढक्कन

ण

# त


तरबूज़



तलवार


तकिया

# थ


थरमस


थन



थाली

# द




दवात



दरवाज़ा


दीवार

# ध



धनुष


धन


धरती

# न



नल


नाक


नारियल

# प


परी


पपीता


पलंग

# फ


फल



फूल


फ़व्वारा

# ब


बकरी


बच्चा


बटन


# भ


भेड़



भालू


भवन

# म


मछली


मगरमच्छ


मटर

# य


यज्ञ



योगा


याक

# र


रथ


रस्सी


रेल

## ल


लट्टू


लड्डू


लड़की


## व


वक


वकील


वन

## श



शलगम


शरबत



शहद

## ष


षट्कोण



षट्पद

6
षट्

## स


सेब



सीटी


सड़क

## ह


हल


हिरन


हाथी

# संयुक्त व्यंजन

## क्ष


क्षत्रिय


क्षण


क्षमा

## त्र


त्रिशुल


त्रय


त्रिभुज

## ज्ञ


ज्ञानी


ज्ञानपीठ


ज्ञानकोष

## श्र


श्रम


श्रीमान


श्रवण कुमार


**शिक्षण निर्देश**


बच्चों को बताएँ कि संयुक्त व्यंजनों की संख्या चार होती है।

ड़ ढ़

# अभ्यास

चित्र देखिए और शब्द का पहला अक्षर लिखिए–





















रेखा खींचकर अक्षर को उससे शुरू होने वाले शब्द के चित्र से मिलाइए–

र




ह



आ



न



थ



# दो वर्णों वाले शब्द

## दो वर्णों वाले शब्द बनाना सीखिए–



ज + ल = जल



ह + ल = हल



न + ल = नल



ए + क = एक



घ + र = घर




क + प = कप




ज + ग = जग



फ + ल = फल



ख + त = खत




ब + स = बस





ध + न = धन



ग + ज = गज

**शिक्षण निर्देश**

बच्चों से सीखे गए वर्णों से और भी शब्द बनाने के लिए कहें।

# पढ़िए और समझिए

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ड | र | डर | ट | ब | टब | ज | ड़ | जड़ |
| च | र | चर | म | न | मन | स | ड़ | सड़ |
| म | र | मर | ख | त | खत | छ | ड़ | छड़ |
| क | र | कर | झ | ट | झट | प | ढ़ | पढ़ |
| भ | र | भर | ब | ट | बट | ध | ड़ | धड़ |
| ह | ठ | हठ | प | ट | पट | झ | ड़ | झड़ |
| म | ठ | मठ | च | ट | चट | ज | न | जन |
| न | र | नर | त | ट | तट | र | थ | रथ |
| व | र | वर | क | ट | कट | ल | ड़ | लड़ |
| प | र | पर | ल | ट | लट | फ | ट | फट |
| घ | र | घर | र | ट | रट | च | ढ़ | चढ़ |

## दो शब्दों से बने वाक्यों को पढ़िए–

नव चल। फल चख। जल भर। घर चल। लड़ मत। बस कर। वन चल। तप कर। यज्ञ कर। श्रम कर। सच कह। धन रख। पत्र पढ़। डर मत।



## तीन शब्दों से बने वाक्यों को पढ़िए–



नव पत्र पढ़। घर पर चल। चल कर पढ़। रट कर पढ़। अब बस कर। नव डर मत। रथ पर चढ़। तन कर चढ़। अब थक मत। अब जल भर। घर तक चल। सच सच कह। अब धन रख।

## चार शब्दों से बने वाक्यों को पढ़िए–

जय वन तक चल। डर कर मत चल। अब रथ पर चढ़। बक बक मत कर। बच बच कर चल। अब दस तक पढ़। जय अब पत्र पढ़। रट कर मत पढ़। छत पर मत चढ़। जय अब लड़ मत।







# पढ़िए और समझिए



यश वन चल। तप कर। वन चल कर यज्ञ कर। रस भर। फल चख। डर मत। धन रख। नट मत बन। ठग मत बन। जल ढक कर रख। यश पढ़। हठ मत कर। बक बक मत कर। दस तक पढ़। तन कर चल। बस कर अब घर चल। नल तक चल। नल तक चल कर जल भर। जल भर कर छत पर चल। लड़ मत। अब चल कर धन रख। वट पर मत चढ़। अब खत मत पढ़। अब कल कल मत कर। अब सच सच कह।

# अभ्यास

**चित्र पहचानकर उचित वर्ण लिखिए–**


| | | |
|---|---|---|
|  |  |  |
| —ग | —क | —ज |
|  |  |  |
| —ल | —थ | —क |
|  |  |  |
| —स | —प | —त |

**शिक्षण निर्देश**


बच्चों को चित्र पहचानने के लिए प्रेरित करिए।

## चित्र देखिए और उनके नाम लिखिए–






















# तीन वर्णों वाले शब्द


## तीन वर्णों वाले शब्द बनाना सीखिए–




म + ट + र = मटर



क + म + ल = कमल



ब + ट + न = बटन



क + ल + म = कलम



फ + स + ल = फसल




क + ल + श = कलश



भ + ग + त = भगत



म + ह + ल = महल



ड + ग + र = डगर



श + ह + द = शहद




न + म + क = नमक



उ + द + य = उदय

**शिक्षण निर्देश**

बच्चों से सीखे गए वर्णों से और भी तीन वर्ण वाले शब्द बनाने के लिए कहिए।

# पढ़िए और समझिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| उ | ल | ट | उलट |
| च | ह | क | चहक |
| अ | क | ड़ | अकड़ |
| म | द | न | मदन |
| च | ह | ल | चहल |
| क | ह | र | कहर |
| म | ग | न | मगन |
| अ | ग | र | अगर |
| म | ग | र | मगर |
| ग | र | म | गरम |
| न | ह | र | नहर |
| प | ह | र | पहर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ज | ग | त | जगत |
| न | र | म | नरम |
| ल | ह | र | लहर |
| प | ह | ल | पहल |
| ब | द | न | बदन |
| प | क | ड़ | पकड़ |
| म | ह | ल | महल |
| प | ल | ट | पलट |
| न | ग | र | नगर |
| र | ब | ड़ | रबड़ |
| श | ह | र | शहर |
| ब | ह | स | बहस |

## दो शब्दों से बने वाक्यों को पढ़िए–



भरत चल। शहर चल। मटर चख। भटक मत। बचत कर। भजन कर। शरम कर। सबक समझ। भगत बन। कलश पकड़। इधर चल। झगड़ मत। बतख पकड़। अकड़ मत। कलम रख।

## तीन शब्दों से बने वाक्यों को पढ़िए–

रमन इधर चल। उधर भजन कर। जनम सफल कर। बतख मत पकड़। अब शहर चल। सरल डगर पकड़। भवन तक चल। अब कलम पकड़ । चल खबर पढ़।



## चार शब्दों से बने वाक्यों को पढ़िए–



अजय सड़क पर चल। गलत जगह मत चल। कलश पकड़ कर चल। अजय मगर मत पकड़। छल कपट मत कर। अब यह सबक समझ। इधर-उधर मत मटक। आकर अब खबर पढ़।

# पढ़िए और समझिए





सड़क पर भजन कर। झगड़ मत। सरल डगर पकड़। उछल कर मत चल। नरम नरम फल चख। चल अब पढ़। अटक अटक कर मत पढ़। कलम पकड़। चल अब खबर पढ़। चल अब कदम इस तरफ रख। भरत बहस मत कर। मदन शहद चख। अगर मगर मत कर। शहर तक चल। गलत जगह मत चल। कलश पकड़ कर चल। अजय मगर मत पकड़। उछल उछल कर मत चल। अब मटर गरम कर। कमल इधर रख।

# अभ्यास

चित्रों का उनके नाम से मिलान कीजिए–





सड़क

कलम

कलश


शहद

महल

कमल









तीन वर्णों वाले शब्दों पर गोले लगाइए–

इधर

घर

टहल

मगर

पत्र

परख

चल

चमक

शहर

हठ

ठहर

रथ

नहर

मटर

वक

# चार वर्णों वाले शब्द

चार वर्णों वाले शब्द बनाना सीखिए–



उ + प + व + न
उपवन



ट + म + ट + म
टमटम



ब + र + ग + द
बरगद



क + स + र + त
कसरत



द + म + क + ल
दमकल



अ + द + र + क
अदरक



ए + ल + ब + म
एलबम



श + र + ब + त
शरबत



अ + च + क + न
अचकन



थ + र + म + स
थरमस



ख + ट + म + ल
खटमल



अ + ज + ग + र
अजगर

# पढ़िए और समझिए

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | च | क | न | अचकन | द | म | क | ल | दमकल |
| प | न | घ | ट | पनघट | ब | र | त | न | बरतन |
| उ | ल | झ | न | उलझन | उ | प | व | न | उपवन |
| ह | ल | ध | र | हलधर | क | स | र | त | कसरत |
| ब | च | प | न | बचपन | प | र | व | ल | परवल |
| ख | ट | प | ट | खटपट | क | त | र | न | कतरन |
| म | न | भ | र | मनभर | ख | ट | म | ल | खटमल |
| द | ल | द | ल | दलदल | अ | ट | क | ल | अटकल |
| श | र | ब | त | शरबत | झ | र | झ | र | झरझर |
| अ | न | ब | न | अनबन | थ | र | थ | र | थरथर |
| अ | न | प | ढ़ | अनपढ़ | ड | ग | ड | ग | डगडग |

## दो शब्दों से बने वाक्यों को पढ़िए—



गणपत उठ। अचकन पहन।
कसरत कर। झटपट कर।
थरमस पकड़। शरबत चख।
अड़सठ पढ़। मतलब समझ।
गरदन पकड़। मरहम रगड़।

## तीन शब्दों से बने वाक्यों को पढ़िए—

अकबर अब पढ़। भगदड़ मत कर। अब कसरत कर। अजगर मत पकड़। पढ़कर मतलब समझ। उलझन मत कर। टमटम पर चढ़। अदरक इधर रख।



## चार शब्दों से बने वाक्यों को पढ़िए—



शबनम बरतन मत पकड़।
मरहम मलकर अचकन पहन।
गणपत उठकर खटमल पकड़।
नटखट बहन पत्र पढ़। अब टमटम पर चढ़। शबनम अब शरबत चख। गणपत बरतन उधर रख।


## पढ़िए और समझिए




सरवन उठ। कसरत कर। अचकन पहन। कटहल चख। अब उपवन चल। अनवर डर मत। नटखट मत बन। बरगद पर मत चढ़। टमटम पर चढ़। अब सरपट घर चल। चल अब शरबत चख। उबटन मल। गड़बड़ मत कर। असलम भगदड़ मत कर। हरमन नहर चल। अजगर मत पकड़। अदरक इधर रख। गनपत अब पढ़। पढ़कर मतलब समझ। उलझन मत कर। अब बरतन पकड़। शबनम उठ। मरहम मलकर अचकन पहन।

# अभ्यास

चित्र देखकर दिए गए शब्दों को पूरा कीजिए–



कट ______



शल ______



अच ______



बर ______



बर ______

एक जैसे शब्दों के जोड़े बनाइए–

| | |
|---|---|
| अनबन | पलटन |
| छमछम | गनपत |
| धनपत | दशरथ |
| पलटन | बचपन |
| गनपत | कतरन |
| डगमग | अनबन |
| दशरथ | छमछम |
| बचपन | धनपत |
| कतरन | डगमग |

# बूझो तो जानें

बच्चों को पहेलियाँ सुनाकर सही चित्र से उनका मिलान कीजिए–

जब लोग बीमार हो जाते हैं,
मेरे पास ही आते हैं।
बताओ, क्या है मेरा नाम?



मैं देश की रक्षा करता,
नहीं दुश्मन से हूँ मैं डरता।
बोलो, कौन हूँ मैं?



प्यारे बच्चो, मुझे सुनो,
पढ़ो, लिखो और बड़े बनो।
बोलो, क्या है मेरा नाम?



सुई-धागे संग खेल रचाऊँ,
हर कपड़े को नया बनाऊँ।
बोलो, कौन हूँ मैं?



# धोबी आया, धोबी आया।



धोबी आया, धोबी आया,
कितने कपड़े लाया?
एक, दो, तीन।
धोबी आया, धोबी आया,
कितने कपड़े लाया?
चार, पाँच, छह।
धोबी आया, धोबी आया,
कितने कपड़े लाया?
सात, आठ, नौ।
धोबी आया, धोबी आया,
कितने कपड़े लाया?
दस, दस, दस।
अरे भई, दस, दस, दस।

**शिक्षण निर्देश**

बच्चों को गिनती का अभ्यास कराएँ।

# जंगल में बारात

जंगल में बारात आई,
भालू ने मिठाई खिलाई।
हाथी ने डफली बजाई,
शेर ने दहाड़ लगाई।
मोर नाचा, हिरन इठलाया,
बाघ ने भी गाना गाया।
सबने मिलकर धूम मचाई,
जंगल में खुशियाँ छाईं।








**शिक्षण निर्देश**

बच्चों से पूछिए कि चित्र में भालू के पीछे कौन-सा जानवर चल रहा है।

अवलोकन कौशल

# बंदर और मगरमच्छ



**शिक्षण निर्देश**

बच्चों को कक्षा में 'बंदर और मगरमच्छ' की कहानी सुनाएँ और उन्हें बताएँ कि इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है।